**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 2788**
**गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024/21 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**भोगापुरम, आंध्र प्रदेश में ग्रीनफील्ड विमानपत्तन**

**2788. श्री वाई. एस. अविनाश रेड्डी:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आंध्र प्रदेश के भोगापुरम में ग्रीनफील्ड विमानपत्तन पर कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) उक्त विमानपत्तन कब तक कार्यशील हो जाएगा; और

(घ) सरकार द्वारा भोगापुरम विमानपत्तन को अंतरराष्ट्रीय अत्याधुनिक हवाई अड्डे के रूप में बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) और (ख) : भोगापुरम ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा परियोजना पर निर्माण कार्य शुरू हो गया है और दिनांक 30.11.2024 तक इस कार्य की भौतिक प्रगति 52.44% है।

(ग) : परियोजना के पूरा होने की संभावित तारीख जून, 2026 है।

(घ) : आंध्र प्रदेश सरकार (जीओएपी) द्वारा भोगापुरम ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा परियोजना को सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के तहत क्रियान्वित किया जा रहा है। आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा अत्याधुनिक अवसंरचना के साथ हवाईअड्डे की परिकल्पना की गई है, जो प्रति वर्ष 6 मिलियन यात्रियों की प्रारंभिक हैंडलिंग क्षमता के साथ घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय, दोनों प्रकार के यात्रियों की आवश्यकता की पूर्ति करेगा।

*****